Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 04/January/2023

Examination Schedule by SSC for the year 2023 - 24

एसएससी ने जारी किया 2023-24 का परीक्षा कैलेंडर, एक साल में 19 एग्जाम्स

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने 2023-24 का परीक्षा कैलेंडर अपनी आधिकारिक वेबसाइट ssc.nic.in पर जारी कर दिया है। शेड्यूल के मुताबिक, एसएससी सीएचएसएल टियर-1 परीक्षा मार्च माह में आयोजित की जाएगी। एसएससी एमटीएस और हवलदार परीक्षा 2022 इस वर्ष अप्रैल में होगी। एमटीएस के लिए अधिसूचना 17 जनवरी को जारी की जाएगी। चयन पोस्ट परीक्षा, चरण-XI, 2023 की अधिसूचना 24 फरवरी को जारी की जाएगी इसकी और परीक्षा मई-जून में होनी है। एसएससी सीजीएल 2023 की अधिसूचना एक अप्रैल को जारी की जाएगी और टियर-1 परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि कर्मचारी चयन आयोग भारत सरकार के अधीन एक संगठन है। जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों में विभिन्न पदों के लिए कर्मचारियों की भर्ती करता है। उम्मीदवारों को इस कैलेंडर के हिसाब से अपनी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

SSC की वेबसाइट पर दिखेगा परीक्षा कैलेंडर

19 परीक्षाएं अगले 1 वर्ष में आयोजित करेगा कर्मचारी चयन आयोग

कैलेंडर में शामिल ये हैं प्रमुख परीक्षाएं

कैलेंडर में जिन परीक्षाओं को शामिल किया गया है उनमें प्रमुख रूप से सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में कांस्टेबल भर्ती, एनआईए, स्पेशल आर्म्ड फोर्स और राइफल मैन इन असम राइफल्स परीक्षा-2022 का आयोजन जनवरी-फरवरी 2023 में किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल परीक्षा-2022 का आयोजन मार्च-2023 में किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन की आखरी तारीख 5 जनवरी 2023 है।

ANIL MISHRA

(Training & Placement Officer)